# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक :3236 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024—25 दिनांक: 29/05/2025

**अनुस्मारक—1**

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।

विषय :— आन्तरिक परीक्षा कराकर अंकपर्ण ऑनलाइन पोर्टल पर तथा विश्वविद्यालय में जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, विश्वविद्यालय के पत्र 3065 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024—25, दिनांक 19.05.2025 द्वारा महाविद्यालय / संस्थान विद्यार्थियों की सम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में तत्काल जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों की सम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न नहीं कराई गई है अथवा महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा सम सेमेस्टर के आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं किये हैं, जिससे मा0 कुलपति महोदया द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आदेश दिये गये हैं कि वे महाविद्यालय / संस्थान सम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाइन अपलोड करते हुए अंकपर्ण की दो प्रतियाँ विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में जिन महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा सम सेमेस्टर के आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंकपर्ण विश्वविद्यालय में जमा नहीं किये गये हैं उन महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोककर परीक्षाफल घोषित किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ—

1. कुलसचिव।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
3. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को वेबसाईट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)